2. The members can attend and participate in the AGM only through VC/OAVM as no provision has been made to attend the AGM in person. The attendance through VC / OAVM will be counted for the purpose of reckoning the quorum for the AGM. In Compliance with the relevant circulars, the Notice of the 12th AGM along with the Annual Report for the Financial Year 2024-25 inter alia comprises of Audited Standalone and Consolidated Financial Statements of the Company for the Financial Year ended March 31, 2025, together with the Reports of Board of Directors and Auditors thereon are being sent only through electronic mode to those Shareholders whose e-mail addresses are registered with the Company/Depositories, unless any Member has requested for a physical copy of the same. The aforesaid documents will also be available on the website of the Company at www.mehaitech.co.in, websites of the Stock Exchange i.e., www.bseindia.com and on the website of NSDL (agency for providing the Remote e-Voting facility and e-voting system during the AGM) i.e., www.evoting.nsdl.com.
3. Members who are holding shares in physical form and who have not registered their email addresses with the Company can obtain Notice of AGM, Annual Report, and/or login details for joining the AGM through the VC/OAVM facility, including e-voting, by sending necessary details like Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAAR (self-attested scanned copy of Aadhaar Card) by email to Company/ M/s Bigshare Services Private Limited (RTA) email id at ipo@bigshareonline.com

Those members who have not registered their e-mail addresses and mobile nos. may please contact and validate/update their details with the DP in case of shares held in demat form and members holding shares in physical form are requested to update the same with the Registrar and Share Transfer Agent or with the Company.

Pursuant to Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations") and Section 91 of the Companies Act, 2013 the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 19th September, 2025 to 25th September, 2025 (both days inclusive) for the purpose of AGM of the Company.

The remote e-voting period commences on Saturday 20th September, 2025 at 10:00 A.M., and ends on Wednesday 24th September, 2024 at 5 P.M. During this period members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date (record date) of 12th September, 2025 may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the shareholder, the shareholder shall not be allowed to change it subsequently.

The members who have cast their votes by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. Members, who are present in the AGM through VC/OAVM facility and have not casted their vote on the Resolutions through remote e-Voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through e-Voting system available during the AGM.

The manner of voting remotely ("remote e-voting") by members holding shares in dematerialized mode, physical mode and for members who have not registered their e-mail address will be provided in the notice of the AGM. The details will also be available on the website of the Company at www.mehaitech.co.in, and on the website of RTA email id ipo@bigshareonline.com and NSDL email id at www.evoting.nsdl.com

If you have any queries or issues regarding attending AGM & e-Voting from the e-Voting System, you may refer the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evoting.nsdl.com.

under help section or write an email to evoting@nsdl.com.

For and on Behalf of the Board of Directors
Mehai Technology Limited
Sd./-
Abhijeet Prasad
Company Secretary & Compliance Officer

Date :02.09.2025
Place: Kolkata

अशोक लेलैंड का बड़ा कदम: सतत भारत के लिए बैटरी इकोसिस्टम में निवेश

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

हिंदुजा ग्रुप की प्रमुख भारतीय इकाई और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने आज घोषणा की कि वह अगली पीढ़ी की बैटरियों के विकास और निर्माण में निवेश करेगी। ये बैटरियां ऑटोमोटिव और नॉन-ऑटोमोटिव दोनों क्षेत्रों में उपयोग होंगी, जिनमें ऊर्जा भंडारण प्रणाली भी शामिल है। यह कदम भारत में इलेक्ट्रिफिकेशन इकोसिस्टम तैयार करने के अशोक लेलैंड के संकल्प को मजबूत करता है, जो सरकार की सतत और हरित अर्थव्यवस्था बनाने की दृष्टि से मेल खाता है।

भारत-चीन के बेहतर हो रहे द्विपक्षीय संबंधों की पृष्ठभूमि में, अशोक लेलैंड ने चीन की अग्रणी बैटरी तकनीक कंपनी इस्स्क ग्रुप के साथ दीर्घकालिक विशेष साझेदारी की है। यह समझौता अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री शेनु अग्रवाल और CALB (HK) Co., Ltd के सीईओ जैकी लियू द्वारा, हिंदुजा ग्रुप के प्रेसिडेंट- आल्टरनेटिव एनर्जी एंड सस्टेनेबलिटी इनिशिएटिव शॉम हिंदुजा की उपस्थिति में किया गया। अशोक लेलैंड भारत में बैटरी लोकलाइजेशन में निवेश करेगी। यह न केवल अशोक लेलैंड और स्विच की अपनी इलेक्ट्रिक वाहन श्रृंखला को पूरा करेगा बल्कि पूरे ऑटोमोटिव सेक्टर और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में बाहरी मांग को भी पूरा करेगा। इस कारोबार में अगले 7-10 वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा, कि अशोक लेलैंड सतत मोबिलिटी का भविष्य गढ़ने के लिए सरकार की दृष्टि के अनुरूप पूरी तरह प्रतिबद्ध है। CALB के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी भारत में एक लोकलाइज्ड बैटरी सप्लाई चेन बनाने की दिशा में अहम कदम है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा।अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक और सीईओ शेनु अग्रवाल ने कहा कि शुरुआती चरण में यह नया बैटरी कारोबार ऑटोमोटिव क्षेत्र पर केंद्रित रहेगा और बाद में नॉन-ऑटोमोटिव क्षेत्रों, जैसे ऊर्जा भंडारण प्रणाली तक विस्तार करेगा।

अदाणी पावर को मध्य प्रदेश की धीरौली खदान में ऑपरेशन शुरू करने की मंजूरी मिली

बिज़नेस रेमेडीज/अहमदाबाद/आईएएनएस

देश की सबसे बड़ी निजी थर्मल पावर उत्पादक कंपनी अदाणी पावर लिमिटेड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उसे कोयला मंत्रालय से मध्य प्रदेश के सिंगरौली में धीरौली कोयला खदान में ऑपरेशन शुरू करने के लिए मंजूरी मिल गई है।

कंपनी ने कहा कि यह मंजूरी उसकी ईंधन सुरक्षा को मजबूत करने और भविष्य में स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई अपनी सूचना में कहा, 'अदाणी पावर लिमिटेड को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित धीरौली खदान में ऑपरेशन शुरू करने के लिए कोयला मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है।' धीरौली खदान का स्वामित्व अदाणी पावर की सहायक कंपनी महान एनर्जेन लिमिटेड के पास है। इसकी अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है, जिसमें से 5 एमटीपीए ओपन-कास्ट खनन से और शेष भूमिगत परिचालन से आएगा। भूवैज्ञानिक रिपोर्ट से पता चलता है कि खदान में 558 मिलियन टन से अधिक का भंडार है, जो दशकों तक ईंधन सुरक्षा और परिचालन स्थिरता प्रदान करेगा।

अदाणी पावर की योजना वित्त वर्ष 27 तक 5 मिलियन टन प्रति वर्ष की ओपन-कास्ट अधिकतम क्षमता हासिल करने की है, जबकि भूमिगत खनन नौ साल बाद शुरू होगा। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में बताया कि इस ब्लॉक के लिए कंपनी के पास 30 साल का खनन पट्टा है, जिससे दीर्घकालिक संचालन सुनिश्चित होता है। कंपनी को मिली मंजूरी पर सीईओ एसबी ख्यालिया ने कहा, 'धीरौली में खनन शुरू होना, आत्मनिर्भरता और सतत विकास की ओर अदाणी पावर की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।' ख्यालिया ने कहा, कि कच्चे माल की आपूर्ति में बैकवर्ड इंटीग्रेशन करके, हम न केवल लागत को कम कर रहे हैं, बल्कि लाखों उपभोक्ताओं के लिए सस्ती बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहे हैं। हमारा ध्यान जिम्मेदार खनन और दीर्घकालिक मूल्य सृजन पर बना हुआ है।' कंपनी ने कहा कि वह कोयले में अशुद्धियों को कम करने और उत्सर्जन को न्यूनतम रखने के लिए खदान क्षेत्र के भीतर ही कोयले की धुलाई और प्रसंस्करण करेगी। यह अदाणी पावर की पहली कैप्टिव खदान है जिसे संचालन के लिए सरकारी मंजूरी मिली है। धीरौली से प्राप्त कोयले से कंपनी की व्यापारिक बिजली की जरूरतें पूरी होने की उम्मीद है और साथ ही पास के 1,200 मेगावाट के महान पावर प्लांट को भी आपूर्ति की जाएगी, जिसकी क्षमता को बढ़ाकर कंपनी की ओर से 3,200 मेगावाट किया जा रहा है।

निफ्टी फ्यूचर 24808 अंक अति महत्वपूर्ण स्तर..!!!

दिनांक 03.09.2025 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....

दिनांक 02.09.2025 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 24691 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 24808 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 24606 - 24530 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 24880 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!

निखिल भट्ट
(इन्वेस्टमेंट पॉईंट)

एसबीआई लाइफ (1821) :- लाइफ इंश्युरंस सेक्टर की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1797 रुपये के आसपास है। 1780 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ यह स्टॉक 1838 से 1844 रुपये के आसपास इस शेयर का मूल्य स्तर दर्ज होने की संभावना है...!! 1850 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

सन फार्मा (1567) :- तकनीकी चार्ट के अनुसार 1533 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउटज!! 1518 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1580 रुपये से 1594 रुपये के आसपास मूल्य स्तर दर्ज करने की संभावना है...!!

एचसीएल टेक्नोलॉजी (1469) :- कंप्यूटर - सॉफ्टवेयर और कंसल्टिंग सेक्टर के शेयर में 1484 रुपये से 1490 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1417 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

एक्सिस बैंक (1060) :- प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयर में 1073 रुपये से 1080 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1018 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

जेएसडब्ल्यू स्टील (1047) :- 01 रुपये का फेसवैल्यू का फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 1008 स्टॉप लॉस के साथ आर्यन & स्टील सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 1063 रुपये से 1070 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है!!!

हेवेल्स इंडिया (1590) :- तकनीकी चार्ट के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1573 रुपये से 1560 रुपये के आसपास मूल्य स्तर दर्ज की संभावना है। प्रति यात्मक के लिए 1620 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...!!

इनफोसिस लि. (1499) :- इस शेयर को 1533 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1484 रुपये से 1470 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास की संभावना है...!!! 1560 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

आईसीआईसीआई बैंक (1399) :- प्राइवेट बैंक सेक्टर का यह स्टॉक 1430 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1383 रुपये से 1370 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास की संभावना है...!!

भारत फोर्ज (1135) :- ऑटो कॉम्पोनंट & इक्विपमेंट सेक्टर के इस शेयर को करीब 1173 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1108 रुपये से 1098 रुपये का मूल्य स्तर दर्ज होने की संभावनाहै। ट्रेडिंग के लिए 1180 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें!!

ओर्बिन्दो फार्मा (1025) :- इस शेयर को करीब 1047 रुपये का स्टॉपलॉस के साथ बेचकर मूल्य स्तर प्राइस 997 रुपये से लेकर 985 रुपये तक रहने की संभावना है। 1055 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!!

नोटः शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।

सिस्टमैटिक्स सिक्योरिटीज़ लिमिटेड

CIN: L65999RJ1986PLC070811
पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट 35, पुराना औद्योगिक क्षेत्र, रीको, चित्तौड़गढ़, राजस्थान, भारत 312001
फोन नंबरः +91 9414111117, ईमेलः systematixctor@gmail.com, वेबः www.systematixsecurities.in

39वीं वार्षिक आम बैठक और ई-वोटिंग की सूचना

प्रति,
सिस्टमैटिक्स सिक्योरिटीज लिमिटेड के शेयरधारकों

1. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी की 39वीं (उनतालिसवीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को दोपहर 02:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') सुविधा / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ('ओएवीएम') के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय का संचालन किया जा सके, जिसे एजीएम बुलाने के लिए प्रसारित किया जा रहा है।
2. वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के साथ वार्षिक आम बैठक की सूचना केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार एवं स्थानांतरण एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं।
3. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से संबंधित डिपॉजिटरी में अपने ई-मेल पते, मोबाइल नंबर और बैंक अधिदेश पंजीकृत कराएं। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी को अपना ई-मेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक अधिदेश systematixctor@gmail.com पर भेजें। कंपनी की 39वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.systematixsecurities.in और NSDL की वेबसाइट www.evoting.cdsl.com पर भी उपलब्ध होगी।
4. कंपनी अपने सभी सदस्यों को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में दिए गए सभी प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली ('ई-वोटिंग') के माध्यम से मतदान की सुविधा भी प्रदान कर रही है। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में दी गई है।
5. 39वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना शेयरधारकों को उनके पंजीकृत ईमेल पतों पर लागू कानून के अनुसार यथासमय भेजी जाएगी।
6. यदि ई-वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या समस्याएँ हैं, तो आप www.evotingindia.com पर सहायता अनुभाग में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('FAQ') और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं।
7. ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को सुबह 9:00 बजे से शुरू होकर बुधवार, 24 सितंबर 2025 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कंपनी के शेयरधारक, गुरुवार 18 सितंबर, 2025 की कट-ऑफ तिथि (रिकॉर्ड तिथि) तक, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके बाद, सीडीएसएल द्वारा मतदान के लिए ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
8. ई-वोटिंग से संबंधित प्रश्नों के लिए, डीमैट मोड में शेयर रखने वाले गैर-व्यक्तिगत सदस्य और भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्य अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड से टेलीफोन नंबर 0731 4281333, 0731 4065797/99 पर संपर्क कर सकते हैं या compliance@ankitonline.com और investor@ankitonline.com पर लिख सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
सिस्टमैटिक्स सिक्योरिटीज लिमिटेड के लिए
कृते/-
राजेश कुमार ईनाणी
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएनः 00410591

दिनांकः 02/09/2025
स्थानः चित्तौड़गढ

आर एस डब्लू एम लिमिटेड

RSWM Limited
an LNJ Bhilwara Group Company

PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

सीआईएनः L17115RJ1960PLC008216
पंजीकृत कार्यालयः खारीग्राम, पोस्ट गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा–311021, राजस्थान
फोनः +91-1483-223144 से 223150, 223478, फैक्सः +91-1483-223361, 223479
कॉर्पोरेट कार्यालय : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए–12, सेक्टर–1, नोएडा– 201301, (उ.प्र.)
फोनः +91-120-4390300 (EPABX), फैक्सः +91-120-4277841
ईमेलः rswm.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः https://www.rswm.in

सूचना
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ('आईईपीएफ') में अदत्त/अदावाकृत लाभांश के हस्तांतरण को रोकने हेतु केवाईसी एवं अन्य संबंधित अद्यतनीकरण तथा शेयरधारक सहभागिता हेतु 100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक'

आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड (**'कम्पनी'**) के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**'एमसीए'**) के दिनांक 16 जुलाई, 2025 के पत्र के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा 28 जुलाई, 2025 से 6 नवम्बर, 2025 तक चलने वाला 100 दिवसीय अभियान **'सक्षम निवेशक'** आरम्भ किया गया है। इस अभियान के दौरान, जिन शेयरधारकों ने अपने केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट नहीं किए हैं या जिन्हें बिना दावे वाले लाभांश और शेयरों से संबंधित कोई समस्या आ रही है, वे कम्पनी या उसके रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट (**'आरटीए'**) एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड को उनके पते/ईमेल/टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शेयरधारक यह भी ध्यान दें कि इस अभियान के अन्तर्गत कम्पनी शेयरधारकों से उनके केवाईसी, बैंक अधिदेश, नामिती एवं संपर्क जानकारी आदि को अद्यतन करने तथा उनके अदत्त/अदावाकृत लाभांश का दावा करने हेतु संपर्क कर रही है, ताकि उनके शेयरों और लाभांश राशि को आईईपीएफए में हस्तांतरित होने से रोका जा सके।

किसी भी प्रश्न हेतु कृपया कम्पनी या उसके रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट– एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड से निम्नलिखित पते/ईमेल/टेलीफोन नंबर पर संपर्क करें:

आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड
भीलवाड़ा टावर्स, ए–12,
सेक्टर–1, नोएडा – 201301
उत्तर प्रदेश

एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड
(यूनिटः आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड)
179–180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र
फेज–I, नई दिल्ली–110020, फोन नंबरः 011–41406149–51
ईमेल आईडीः helpdeskdelhi@mcsregistrars.com

कृते आर एस डब्ल्य एम लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
(सुरेंदर गुप्ता)
वरिष्ठ वी पी लीगल एवं कम्पनी सचिव
एफसीएस - 2615
ईमेलः rswm.investor@lnjbhilwara.com

स्थानः नोएडा
दिनांकः 2 सितम्बर, 2025

For Your Information

Top 10 Districts by PM2.5 Emissions from Diesel Generator (DG) Sets

1. Patna
2. Gautam Buddha Nagar (Noida, UP)
3. Bengaluru Urban
4. Mumbai City
5. North 24 Parganas
6. Ajmer
7. Alwar
8. Bhopal
9. Thane
10. Jodhpur

(CSTEP)

Compiled by Nafanuksan Research

अमृत वचन

तस्वीर में हर कोई साथ देते हैं, पर तकलीफ में साथ देने वाले अपने होते हैं। बड़े होने पर केवल वे ही लोग याद रहते हैं जो मुश्किल घड़ियों में काम आते हैं।

- श्री वन्द्रप्रम

Thoughts of the time

To be ignorant of the lives of the most celebrated men of antiquity is no continue in a state of child hood all our days.

– Plutarch

If your plan "A" doesn't work, the Alphabet has 25 more letters. Stay Cool!

– Suresh Rathi

राजस्थानी कहावत

घर में लागी लाय अर दिसंतरी भदरा बताय

घर में लगी आग और जोशी कहे भद्रा लगी

- जब कोई व्यक्ति कारणवश तनिक भी प्रतिक्षा न कर सके, फिर भी प्रतीक्षा के लिए मजबूर होना पड़े, तब।

-स्व. विजय दान देथा
साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा

अजमेर आईटी पार्क के विकास के लिए रीको ने मंजूर किए 23.65 करोड़ रूपये

जयपुर@कार्यालय संवाददाता

अजमेर में आईटी पार्क की स्थापना के लिए रीको ने 23.65 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस राशि से भूमि का मुआवजा, समतलीकरण, डिमार्केशन, स्ट्रीट लाइट और अन्य विकास कार्य करवाएं जाएंगे। इन विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित कर ली गई है। इन टेंडर्स को 9 सितम्बर को खोला जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के आग्रह पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर के लिए आईटी पार्क स्थापित करने की घोषणा की है। इसके बाद से ही आईटी पार्क के विकास के लिए लगातार काम चल रहा है। रीको ने आईटी पार्क के लिए बजट का निर्धारण किया है। रीको के अनुसार आईटी पार्क का कुल क्षेत्रफल 27.55 एकड़ है। इनमें 45 हजार 310 वर्ग मीटर भूमि औद्योगिक और कॉमर्शियल यूज के लिए बेची जाएगी।

उल्लेखनीय है कि रीको ने आईटी पार्क को विकसित करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। यहां आईटी कंपनियों के लिए बड़े एवं छोटे आकार के भूखण्ड, होटल, पार्क, पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लैक्स जैसी सुविधाएं भी होगी। आईटी पार्क के लिए राज्य व देश में कार्यरत आईटी कंपनियों से सम्पर्क साधा जा रहा है। रीको इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ब्यूरो के साथ समन्वय स्थापित कर काम कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रीको के अधिकारियों से आईटी पार्क की प्रगति की जानकारी भी ली है। देवनानी ने निर्देश दिए कि आईटी पार्क की भूमि, लेआउट और इसके प्रमोशान का कार्य तेज किया जाए। रीको के अधिकारियों ने बताया कि अजमेर आईटी पार्क को नवाचार और विकास के केंद्र के रूप में डिजाइन किया जा रहा है। यह पार्क आईटी कंपनियों, स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए एक लॉन्च पैड के रूप में काम करेगा, जो एक अच्छी तरह से जुड़े और भविष्य के लिए तैयार कार्यस्थल की तलाश कर रहे हैं। आईटी पार्क में व्यवसाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न आकार के प्लॉट उपलब्ध होंगे। प्लॉट का आकार 500 से 3000 वर्गमीटर तक रखा जा रहा है। बड़े आकार के प्लॉट की आवश्यकता हो तो अनुकूलन योग्य स्टार्टअप, एमएसएमई और बड़े उद्यमों के लिए वह भी उपलब्ध होंगे। यह पार्क राष्ट्रीय राजमार्ग से सिर्फ एक किमी दूर है। अजमेर शहर के केन्द्र से बहुत कम दूरी है। अन्तर्राष्ट्रीय तीर्थ स्थल पुष्कर से 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। साथ ही किशनगढ़ एयरपोर्ट से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी है।

यह पार्क सॉफ्टवेयर विकास और आईटी समर्थित सेवाओं (आईटीईएस) से जुड़े व्यवसायों के लिए आदर्श है। इसमें कॉल सेंटर, बीपीओ, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, कंटेंट क्रिएशन और ई-कॉमर्स समाधान शामिल है। यह डिजिटल सेवाओं और तकनीकी नवाचारों की एक विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करता है। इसी तरह हार्डवेयर विनिर्माण और संयोजन को समर्थन देने के लिए डिजाइन किया गया यह पार्क कंप्यूटर, बाह्य उपकरणों, नेटवर्किंग उपकरण (राउटर, स्विच, हब), मोबाइल डिवाइस, दूरसंचार प्रणाली, फाइबर ऑप्टिक्स, टचस्क्रीन और डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े उद्योगों के लिए भी आदर्श है। इससे सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों क्षेत्रों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी इकोसिस्टम का निर्माण किया जा रहा है।

कुल 27.55 एकड़ में बनेगा आईटी पार्क

रीको के हस्तांतरित औद्योगिक क्षेत्रों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद

बीकानेर@नि.सं.। बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने जानकारी दी कि राजस्थान के 37 हस्तांतरित औद्योगिक क्षेत्रों को जल्द ही बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जल्द ही शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में राजस्थान लैंड रेवेन्यू बिल 2025 पेश किए जाने की संभावना है। इस बिल के पारित होने के बाद राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) को हस्तांतरित औद्योगिक क्षेत्रों में प्रशासनिक अधिकार प्राप्त हो जाएंगे। इससे उद्यमियों को भूमि उप विभाजन, मर्जर, नियमितीकरण, भू उपयोग परिवर्तन और अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जैसी प्रक्रियाओं में काफी आसानी होगी। गौरतलब है कि यह बिल पिछली बार विधानसभा सत्र में प्रवर समिति को परीक्षण हेतु भेजा गया था। अब समिति की रिपोर्ट आने के बाद इसे विधानसभा में रखा जाएगा। वर्तमान में न्यायिक रोक के कारण रीको सीधे इन मामलों में कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। बिल पारित होने के बाद न केवल हजारों उद्यमियों को राहत मिलेगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे हजारों श्रमिकों व कर्मचारियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से फायदा मिलेगा।

फर्जी चंदा, बोगस रिफंड पर आयकर विभाग सख्त

बीकानेर@नि.सं.। आयकर विभाग, नोखा की ओर से अपर आयकर आयुक्त, रेंज-बीकानेर ललित विश्नोई के निर्देशन में 'आयकर अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाली विभिन्न छूट / कटौतियों की जानकारी' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सीबीईओ सहित कुल 68 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता आईटीओ-नोखा ललित कुमार छाबड़ा, आईटीआई (टीडीएस) राम कृष्ण जाखड़ तथा इंस्पेक्टर हनुमान प्रिया जैन थे। मंच संचालन नारायण बच्छ व नवरतन तिवाड़ी ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि आयकर रिटर्न में गलत आय, छूट अथवा कटौती दर्शाने पर पेनल्टी व ब्याज का प्रावधान है। कार्यशाला में राजनीतिक दलों से फर्जी चंदे की रसीद दिखाकर बोगस रिफंड लेने जैसी गड़बड़ियों पर आयकर विभाग द्वारा की जाने वाली सख्त कार्रवाई की जानकारी भी दी गई।

ब्रीफ न्यूज

ग्रीन बिल्डिंग मटेरियल्स पर जोर, थर्मल कम्फर्ट पर विशेषज्ञ व्याख्यान

कोटा@नि.सं.। इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस कोटा चैप्टर का 34वां स्थापना दिवस सार्वजनिक निर्माण विभाग परिसर में मनाया गया। आईबीसी कोटा चैप्टर के चेयरमैन हेमंत कुमार शर्मा ने सभी का स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन एवं पीडब्ल्यूडी के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुरेश कुमार बैरवा ने संगठन का परिचय प्रस्तुत किया, वहीं पूर्व मुख्य अभियंता पी. के. जैन ने चैप्टर की यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता, राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन डब्ल्यूआरडी एडी अंसारी ने ग्रीन बिल्डिंग मटेरियल्स के महत्व पर जोर देते हुए टिकाऊ निर्माण को भविष्य की आवश्यकता बताया। मुख्य वक्ता आरटीयू कोटा के सेवानिवृत्त प्राध्यापक (सिविल) डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल ने निर्माण सामग्रियों के चयन द्वारा भवनों में थर्मल कम्फर्ट बढ़ाने विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। इस अवसर पर सचिव मनीष जैन ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुनील गर्ग, कोषाध्यक्ष अशोक सनाढ्य, डी. के. विश्वकर्मा, धीरेन्द्र माथुर आदि उपस्थित थे।

इन्वेस्टमेंट समिट 2025- 500 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट शॉर्टलिस्ट

बीकानेर@नि.सं.। इन्वेस्टमेंट समिट 2025 के तहत शॉर्टलिस्टेड प्रोजेक्ट्स की घोषणा की गई। वीएम फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट एलएलसी एवं सहयोगी भागीदारों द्वारा आयोजित इस समिट में 500 करोड़ रुपए से अधिक के संभावित निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं। शॉर्टलिस्टेड प्रोजेक्ट्स में सौर ऊर्जा, माइनिंग, रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी, फिल्म फाइनेंस और स्टार्ट-अप्स जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

सौर ऊर्जा: भोजास में 10 मेगावाट, पूगल में 30 और 10 मेगावाट के प्लांट।

माइनिंग: 80 करोड़ और 97 करोड़ रुपये के ज्वाइंट वेंचर।

फिल्म फाइनेंस: 13 करोड़ और 32 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट।

स्टार्ट-अप: ST टूल्स का 20 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट।

रियल एस्टेट : जोधपुर आवासीय प्रोजेक्ट - 76 करोड़, मुंबई आवासीय प्रोजेक्ट- 130 करोड़ रुपये।

हॉस्पिटैलिटी: फोर्ड होटल निवेश का प्रोजेक्ट।

इन प्रोजेक्ट्स के स्वामियों को प्रजेंटेशन एवं नेगोशिएशन के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके बाद 8 सितम्बर को एमओयू हस्ताक्षर समारोह होगा। समिट की कोर टीम के सदस्य सुशील सैनी ने कहा कि आज शॉर्टलिस्ट हुए प्रोजेक्ट्स की संख्या और विविधता उत्साहजनक है। सौर ऊर्जा, रियल एस्टेट के साथ फिल्म फाइनेंस, सॉफ्टवेयर और शिक्षा क्षेत्र से भी मजबूत रुचि आई है। यह राजस्थान की निवेश क्षमता को सिद्ध करता है। नितेश राठी ने कहा कि इन्वेस्टमेंट समिट एक ऐसा मंच है जहां विचार वास्तविक सौदों में बदलेंगे। चुने गए प्रोजेक्ट्स राजस्थान की अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में अहम योगदान देंगे। मीडिया आयोजक अनिल सोनी ने बताया कि समिट को कुछ अनूठे और महत्वाकांक्षी प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें गोल्ड माइनिंग और यूनिवर्सिटी स्थापना जैसे इनिशिएटिव भी शामिल हैं।

नेशनल • इंटरनेशनल

जीएसटी 2.0 सुधार, बढ़ती रूरल इनकम और घटती महंगाई से इंडिया की कंजप्शन स्टोरी पकड़ेगी रफ्तार

मुंबई@आईएएनएस। आगामी जीएसटी 2.0 सुधार, बढ़ती ग्रामीण आय और घटती महंगाई का संयोजन भारत की उपभोग की कहानी में एक बड़े पुनरुत्थान का आधार तैयार कर सकता है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। स्मॉलकेस के निवेश प्रबंधक राइट रिसर्च द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि भारत का उपभोग चक्र, जो पिछले कुछ वर्षों से सुस्त रहा है, संभवत: अपने निचले स्तर पर पहुंच गया है और अब ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अगर जीएसटी 2.0 को त्योहारी सीजन से ठीक पहले अक्टूबर में अंतिम रूप दिया जाता है, तो इससे उपभोक्ता कीमतें कम हो सकती हैं, मांग बढ़ सकती है और घरेलू खर्च में वृद्धि हो सकती है।

अपेक्षित बदलावों में, जिन वस्तुओं पर वर्तमान में 12% कर लगता है, उन्हें 5% के स्लैब में लाया जा सकता है। इसमें प्रोसेस्ड फूड, किफायती जूते और कुछ स्वास्थ्य उत्पाद शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा है कि इससे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं और उपभोक्ता बिना ब्रांड वाले उत्पादों से ब्रांडेड उत्पादों की ओर रुख करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। बिग-टिकट आइटम में एयर कंडीशनर और बड़े टेलीविजन जैसे उत्पादों पर जीएसटी 28% से घटकर 18% हो सकता है, जिससे कीमतों में लगभग 8% की कमी आएगी और टियर-2 तथा टियर-3 शहरों में इसकी पहुंच व्यापक होगी। रिपोर्ट के अनुसार, सीमेंट पर जीएसटी में कटौती खुदरा घरेलू परियोजनाओं और बड़ी निर्माण गतिविधियों, दोनों की लागत कम करेगी, जिस पर वर्तमान में 28% कर लगता है। राइट रिसर्च की संस्थापक और स्मॉलकेस की निवेश प्रबंधक सोनम श्रीवास्तव ने कहा, जीएसटी 2.0 हाल के वर्षों में सबसे अधिक उपभोग-समर्थक नीतियों में से एक है। रोजमर्रा की श्रेणियों और बिग-टिकट ड्यूरेबल, दोनों में कीमतों में कमी कर, यह सुधार मांग में तेजी ला सकता है, ठीक वैसे ही जैसे ग्रामीण आय और मुद्रास्फीति के रुझान अनुकूल हो रहे हैं। सेक्टोरल आउटलुक भी आशाजनक है। एफएमसीजी कंपनियों के वित्त वर्ष 26 में 10% की राजस्व वृद्धि देखने की उम्मीद है, जबकि कंज्यूमर ड्यूरेबल के क्षेत्र में 21% से अधिक की वृद्धि हो सकती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि सुधारों को कितनी तेजी से लागू किया जाता है। सीमेंट कंपनियों को सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है, उनके ईबीआईटीडीए में 40% से अधिक और मुनाफ़े में 80% की वृद्धि का अनुमान है। एमएसएमई द्वारा डिजिटल समाधानों को अपनाए जाने के कारण इंटरनेट प्लेटफॉर्म के राजस्व में 35-40% की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के कच्चे तेल की गिरती कीमतों के कारण नकदी प्रवाह में सुधार की उम्मीद है। रिपोर्ट में है कि पुनरुद्धार के शुरुआती संकेत पहले ही दिखाई देने लगे हैं।

बैंकरप्ट्सी से गुजर रही सुपरटेक ने पिछले तीन सालों में 6,000 फ्लैट का कब्जा दिया

नई दिल्ली@एजेंसी। दिवाला कार्यवाही का सामना कर रही रियल्टी कंपनी सुपरटेक लिमिटेड ने पिछले तीन वर्षों में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं में अपने ग्राहकों को 6,121 फ्लैट का कब्जा दिया है। कंपनी के पूर्व निदेशक आर के अरोड़ा ने यह जानकारी दी। ये फ्लैट कंपनी के पूर्व प्रबंधन ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा नियुक्त एक समाधान पेशेवर की देखरेख में 16 निर्माणाधीन परियोजनाओं में दिए।

एनसीएलटी ने 25 मार्च, 2022 के अपने आदेश में सुपरटेक लिमिटेड को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में शामिल किया था। इसके बाद प्रवर्तक ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष अपील दायर की। अपीलीय न्यायाधिकरण ने जून 2022 के अपने आदेश में केवल एक परियोजना इको विलेज-2 के संबंध में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) के गठन का निर्देश दिया था। अन्य सभी परियोजनाएं अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) की देखरेख में पूर्व प्रबंधन को पूरी करनी थी।

दिल्ली का मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर से तीन गुना अधिक बढ़ा: रिपोर्ट

नयी दिल्ली@एजेंसी। दिल्ली के मेन्यूफेक्चरिंग सेक्टर ने वित्त वर्ष 2024-25 में 11.9 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो राष्ट्रीय स्तर की 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का करीब तीन गुना है। यह स्थानीय स्तर पर तेज औद्योगिक सुधार का संकेत है।

दिल्ली सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय की तरफ से हाल ही में औद्योगिक उत्पादन पर जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी का कुल औद्योगिक उत्पादन पिछले वित्त वर्ष में 2023-24 के मुकाबले 9.19 प्रतिशत बढ़ा जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि चार प्रतिशत रही। यह वार्षिक रिपोर्ट वित्त वर्ष 2011-12 को आधार वर्ष मानकर तैयार की गई है और इसमें दिल्ली की 134 मेन्यूफेक्चरिंग इकाइयों एवं एक बिजली इकाई से जुटाए गए उत्पादन आंकड़े शामिल हैं। इन इकाइयों में 90 श्रेणियों के उत्पाद बनाए जाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 23 में से नौ मेन्यूफेक्चरिंग इकाइयों ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इनमें खाद्य पदार्थ, चमड़ा व संबंधित उत्पाद, मोटर वाहन, परिवहन उपकरण, धातु उत्पाद, रसायन और पेय पदार्थ शामिल हैं।

हालांकि, परिधान, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, दवाइयां और मशीनरी समेत 13 उत्पाद समूहों के उत्पादन में सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट कहती है कि दिल्ली के कुछ कारखाने पिछले वित्त वर्ष में या तो बंद हो गए या अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए जबकि कुछ कारखानों में कोई उत्पादन नहीं हुआ। दिल्ली के बिजली सेक्टर ने वित्त वर्ष 2024-25 में 3.35 प्रतिशत की मध्यम वृद्धि दर्ज की जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही।

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर पर मालगाड़ी परिचालन में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

नयी दिल्ली@एजेंसी। पूर्वी और पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर पर संयुक्त रूप से मालगाड़ियों के परिचालन में 47% की वृद्धि दर्ज की है। इस मार्ग पर 2023 और 2024 के 88,225 के मुकाबले 2024 और 2025 में मालगाड़ियों ने 1,30,116 फेरे लगाएं। अधिकारियों ने बताया कि 2024 और 2025 में कुल फेरों में करीब 34% ऐसे फेरे थे जब मालगाड़ी खाली थीं। अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर कोयला और सीमेंट के वैगन खाली लौटते हैं क्योंकि इन वैगनों का उपयोग अन्य उत्पादों के लिए करना संभव नहीं है। 2024 व 2025 में कुल मालगाड़ी परिचालन में कंटेनर उत्पादों की हिस्सेदारी 24%, कोयले की 19% और विविध वस्तुओं की 11% थी, जो दोनों गलियारों पर परिवहन की जाने वाली वस्तुओं की सूची में सबसे ऊपर थी। सीमेंट और क्लिंकर (सीमेंट निर्माण का मुख्य कच्चा माल), लोहा और इस्पात, खाद्यान्न, उर्वरक और पीओएल (पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक) जैसी अन्य वस्तुओं की हिस्सेदारी एक से चार प्रतिशत के बीच रही। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (डीएफसीसीआईएल) ने माल ढुलाई के लिए मालगाड़ियों के परिचालन में वृद्धि के लिए अपनी कई पहलों को जिम्मेदार ठहराया है, जिनमें नए माल टर्मिनलों (गति शक्ति कार्गो टर्मिनल) और मार्ग पर 'साइडिंग' (मार्ग के किनारे अलग मार्ग) का निर्माण प्रमुख हैं।

सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड
CIN - L18209RJ2019PLC066461
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट संख्या H1-74, रीको औद्योगिक क्षेत्र, मानसरोवर, जयपुर 302020 (राज.) भारत
फ़ोन: 9358838840, वेबसाइट: https://signoria.in/ ईमेल: signoriajaipur@gmail.com

6वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड ("कंपनी") की 06वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को दोपहर 01.30 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो-वीडियो माध्यमों ("ओवीएएम") के माध्यम से कंपनी की एजीएम बुलाने की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय को पूरा करने के लिए आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय होगा। उक्त सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से मंगलवार, 02 सितंबर, 2025 को सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनके ईमेल पते कंपनी और/या आरटीए बिग शेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय हैं और कंपनी की वेबसाइट https://signoria.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

दूरस्थ ई-वोटिंग और वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग के लिए निर्देश

सदस्य कृपया ध्यान दें:

- रिमोट ई-वोटिंग (एजीएम स्थल के अलावा किसी अन्य स्थान से ई-वोटिंग) और एजीएम में मतदान के लिए पात्र सदस्यों के निर्धारण हेतु अंतिम तिथि गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 है। कृपया ध्यान दें कि सदस्य मतदान का केवल एक ही तरीका चुन सकते हैं, अर्थात बैठक में मतदान करके या रिमोट ई-वोटिंग करके। यदि सदस्य रिमोट ई-वोटिंग का विकल्प चुनते हैं, तो उन्हें बैठक में मतदान नहीं करना चाहिए और इसके विपरीत। हालाँकि, एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर ई-वोट डालने के बाद, ऐसे सदस्य को बाद में इसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं है। जिन सदस्यों ने बैठक की तिथि से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे बैठक में उपस्थित हो सकते हैं और बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
- मतदान अवधि सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को सुबह 10:00 बजे शुरू होगी और शाम 5:00 बजे समाप्त होगी। बुधवार, 24 सितंबर 2025 को। इस अवधि के दौरान, कंपनी के शेयरधारक, कटऑफ तिथि (रिकॉर्ड तिथि) यानी गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं।
- कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है, और जिसके पास कट-ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 तक शेयर हैं, ivote@bigshareonline.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
- यदि शेयरधारकों/ निवेशकों के पास ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न हैं, तो आप https://ivote.bigshareonline.com पर डाउनलोड अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और i-Vote ई-वोटिंग मॉड्यूल देख सकते हैं या आप ivote@bigshareonline.com पर ईमेल कर सकते हैं या 1800 22 54 22 पर कॉल कर सकते हैं।

सिग्नोरिया क्रिएशन लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/-
वासु देव अग्रवाल
(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)
डीआईएन: 00178146

दिनांक: 3 सितंबर, 2025
स्थान: जयपुर

आर एस डब्लू एम लिमिटेड
RSWM Limited
an LNJ Bhilwara Group Company
सीआईएन: L17115RJ1960PLC008216
पंजीकृत कार्यालय: खारीग्राम, पोस्ट गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा-311021, राजस्थान
PROUD TO BE INDIAN PRIVILEGED TO BE GLOBAL
फोन: +91-1483-223144 से 223150, 223478, फैक्स: +91-1483-223361, 223479
कॉर्पोरेट कार्यालय : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा- 201301, (उ.प्र.)
फोन: +91-120-4390300 (EPABX), फैक्स: +91-120-4277841
ईमेल: rswm.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइट: https://www.rswm.in

सूचना
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ('आईईपीएफ') में अदत्त/अदावाकृत लाभांश के हस्तांतरण को रोकने हेतु केवाईसी एवं अन्य संबंधित अद्यतनीकरण तथा शेयरधारक सहभागिता हेतु 100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक'

आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड **('कम्पनी')** के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए), कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय **('एमसीए')** के दिनांक 16 जुलाई, 2025 के पत्र के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा 28 जुलाई, 2025 से 6 नवम्बर, 2025 तक चलने वाला 100 दिवसीय अभियान **'सक्षम निवेशक'** आरम्भ किया गया है। इस अभियान के दौरान, जिन शेयरधारकों ने अपने केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट नहीं किए हैं या जिन्हें बिना दावे वाले लाभांश और शेयरों से संबंधित कोई समस्या आ रही है, वे कम्पनी या उसके रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट **('आरटीए')** एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड को उनके पते/ईमेल/टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शेयरधारक यह भी ध्यान दें कि इस अभियान के अन्तर्गत कम्पनी शेयरधारकों से उनके केवाईसी, बैंक अधिदेश, नामिती एवं संपर्क जानकारी आदि को अद्यतन करने तथा उनके अदत्त/अदावाकृत लाभांश का दावा करने हेतु संपर्क कर रही है, ताकि उनके शेयरों और लाभांश राशि को आईईपीएफए में हस्तांतरित होने से रोका जा सके।

किसी भी प्रश्न हेतु कृपया कम्पनी या उसके रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट– एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड से निम्नलिखित पते/ईमेल/टेलीफोन नंबर पर संपर्क करें:

आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड
भीलवाड़ा टावर्स, ए–12,
सेक्टर–1, नोएडा – 201301
उत्तर प्रदेश

एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड
(यूनिट: आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड)
179–180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र
फेज–I, नई दिल्ली–110020, फोन नंबर: 011–41406149–51
ईमेल आईडी: helpdeskdelhi@mcsregistrars.com

कृते आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
(सुरेंदर गुप्ता)
वरिष्ठ वी पी लीगल एवं कम्पनी सचिव
एफसीएस - 2615
ईमेल: rswm.investor@lnjbhilwara.com

स्थान: नोएडा
दिनांक: 2 सितम्बर, 2025